卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंध्यय सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवहि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 251 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦ मंगलवार ♦17 जून 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## पत्नी की हत्या कर पति ने खुद भी किया सुसाईड



हरिद्वार। कनखल थाना क्षेत्र स्थित वसंत कुंज कॉलोनी में घरेलू विवाद के चलते एक व्यक्ति ने पहले अपनी पत्नी की हत्या कर दी और फिर खुद भी सुसाइड कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने पति ऋषि और पत्नी वर्षा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। घटना से कॉलोनी में सनसनी फैल गयी। पुलिस अधिकारी मामले की जांच में जुटे हैं और घटना के पीछे के कारणों की तह तक जाने की कोशिश की जा रही है। मौके पर पहुंचे सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस जब मौके पर पहुंची तो घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद था। कई बार दरवाजा खटखटाना पर भी अंदर से जब कोई नहीं निकला, तब पुलिस जैसे- तैसे छत पर पहुंची जहां ऋषि मृत पड़ा मिला पुलिस जब नीचे घर में दाखिल हुई तब हैरान रह गई पत्नी का खून से लथपथ शव बेड पर पड़ा हुआ था। महिला के सिर पर डंडे और सरिया( शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

### कई दिनों से अवसाद में था मृतक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अज्ञात कारणों के चलते गत रात्रि दिनेशपुर के वार्ड दो में युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे तुरंत उपचार के लिए चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव मोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार दिनेशपुर वार्ड दो निवासी 19 वर्षीय शेखर मिस्त्री पुत्र सुब्रत मिस्त्री ने गत रात्रि घर में फांसी लगा ली। परिजनों ने जब उसे इस हालत में देखा तो उनके होश उड़ गये। आनन फानन में शेखर को फांसी से उतारकर चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शेखर की अचानक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव मोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने बताया कि शेखर पिछले कुछ दिनों से गुमसुम रहता था। कुछ पूछने पर कोई जवाब नहीं देता था।

## लाईनमैन की मौत के मामले में दो कर्मियों की सेवाएं समाप्त

किच्छा(उद संवाददाता)। बीते रविवार को शिमला पिस्तौर में विद्युत लाइन मरम्मत करने के दौरान लाइनमैन की मौत के मामले की जांच के उपरांत दो लोगों की सेवा समाप्त कर दी गई है। जिसमें एक एसएसओ के अलावा एक सुपरवाइजर है। एसडीओ डी.सी. गुरुरानी ने बताया कि विगत 15 जून को विद्युत वितरण खंड किच्छा के शिमला पिस्तौर लाइन में मरम्मत के दौरान



हादसे में लाइन मैन की मौत के मामले की जांच करने के उपरांत दोषी पाए गए अरहान और नसीम अहमद की सेवा समाप्त कर दी गई। उन्होंने (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क हादसे में कार चालक की मौत तीन गंभीर

रामनगर (उद संवाददाता)। चिलकिया चौराहे पर एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने स्विफ्ट डिजायर कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए तत्काल रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें रैफर कर दिया गया। टक्कर के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि सभी लोग दिल्ली से चौखुटिया अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे। घटना में तड़के करीब 5:30 बजे हुई। बताया जाता है कि चौखुटिया निवासी विक्रम सिंह अपने पिता के निधन के बाद मंगलवार





को उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। विक्रम सिंह के साथ उनकी बहन सुनीता वह एक अन्य रिश्तेदार जगत सिंह भी सवार थे। तीनों लोग दिल्ली से कार में सवार होकर चौखुटिया के लिए रवाना हुए थे। इसी बीच रामनगर के पास चिलकिया के समीप अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार चालक गैरसैंण निवासी सुंदर की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद सभी को उपचार के लिए 108 की मदद से रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जहां तीनों घायलो की हालत गंभीर होने के बाद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर दिया जबकि मृतक चालक का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने की कारवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि जिस जगह हादसा हुआ है वहां पर पहले भी दुर्घटनायें हो चुकी है। यह हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि सिस्टम की लापरवाही का नतीजा है। यदि समय रहते सड़क पर डिवाइडर और सुरक्षा उपाय किए जाते, तो शायद इस तरह की घटनाएं रोकी जा सकती थीं।

## रन फॉर योगा में सैकड़ों युवाओं ने लगाई दौड़

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के काउंटडाउन कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में किया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रन फॉर योगा में पुरूष वर्ग में सौरभ रावत





कार्यक्रम के अन्तर्गत मंगलवार प्रातः गांधी पार्क रूद्रपुर कलेक्ट्रेट तक रन फॉर योगा व नशामुक्त जागरूकता रैली गया। रन फॉर योगा का जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जिला क्रीडा अधिकारी व जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रथम, पुष्कर चन्द द्वितीय, धीरज बिष्ट तृतीय इसी तरह महिला वर्ग में अंजनी रावत प्रथम, गुंजन(शेष पृष्ठ सात पर)

## श्रद्धालुओं से भरा टेंपो पलटा,14 घायल

रामनगर (उद संवाददाता)। मंगलवार की सुबह उत्तर प्रदेश के हादसे में 14 श्रद्धालु घायल हो गये। घायलों में कुछ की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें रैफर बताया जाता है कि टेंपो में 14 श्रद्धालु सवार थे। टेंपो गर्जिया से कुछ पहले





मुरादाबाद से श्रद्धालुओं को लेकर गर्जिया मंदिर जा रहा टैंपो गर्जिया मंदिर से पहले एक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मुराबाद से एक परिवार गर्जिया मंदिर माता के दर्शन करने के लिए टैंपो से जा रहा था। एक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसके बाद टेंपो में सवार श्रद्धालुओं में (शेष पृष्ठ सात पर)

## रिलीव नहीं हुए सीएमएस, लोहाघाट हो चुका है तबादला

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के आसार पर संकट बरकरार

काशीपुर/देहरादून(उद संवाददाता)। स्वास्थ्य एवं उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर एवं निर्विवाद बनाए रखने को लेकर बीते 10 जून को शासन स्तर पर गठित स्थानांतरण समिति की संस्तुति पर प्रदेश के 51 मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों (सीएमएस) के तबादले किये और अविलंब एक स्थान से रिलीव होकर दूसरे स्थान पर चार्ज लेने का निर्देश दिया लेकिन इसमें से कुछ ऐसे भी हैं जो शासनादेश के सप्ताह भर बाद भी रिलीव नहीं हुए। इसी में से काशीपुर के सीएमएस डॉ राजीव कुमार गांधी है। इनका तबादला लोहाघाट किया गया है। विवादों में होने के कारण ऑर्थोपेडिक सर्जन का पूर्व में कई बार अटैचमेंट भी खत्म किया गया था। फिलहाल शासन के द्वारा किए गए तबादलों से सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थाओं में सुधार के कुछ आसार तो नजर आने लगे हैं लेकिन भ्रष्ट किस्म के अधिकारी सेटिंग गेटिंग के जरिए ट्रांसफर रोकने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं। तबादलों की लिस्ट जारी होने के सप्ताह बाद भी काशीपुर में सीएमएस का रिलीव ना होना चर्चा का विषय बना है। काशीपुर का राजकीय चिकित्सालय पिछले कुछ समय से अपने अजब गजब कारनामों को लेकर सुर्खियों में लगातार रहा है। डिलीवरी केस में सुविधा शुल्क लेने से लेकर प्राइवेट अस्पतालों में आकस्मिक रोगियों को रेफर किए जाने का मामला अभी चर्चाओं में है। मेडिकल स्टोर संचालक से सांठ-(शेष पृष्ठ सात पर)

### शासनादेश का सख्ती से होगा अनुपालनः प्रभारी सीएमओ

काशीपुर। प्रभारी सीएमओ डॉक्टर डीपी सिंह से जब इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया तो उन्होंने बताया कि शासन स्तर से तबादले किए गए हैं तो निश्चित रूप से प्रत्येक को आदेशों का अनुपालन करना होगा। उन्होंने कहा कि काशीपुर उप जिला चिकित्सालय में डॉक्टर संदीप दीक्षित तथा उनकी पत्नी डॉ आराधना दीक्षित ने सोमवार को योगदान आख्या दी है। चूंकि मुख्य चिकित्सा अधिकारी कहीं बाहर है। वह जैसे ही वापस (शेष पृष्ठ सात पर)

### टेक्नीशियन के क्रियाकलापों की होगी जांच

काशीपुर। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर डीपी सिंह ने बाजपुर से स्थानांतरित होकर काशीपुर आए टेक्नीशियन की कारगुजारियों को भी गंभीरता से लिया। नेत्र विभाग में चिकित्सक का लबादा ओढ़कर रोगियों को बाहर की महंगी दवाइयां प्रिसक्राइब करने के मामले को (शेष पृष्ठ सात पर)

# मोबाईल टावरों की बैटरी चुराने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

## बरेली के दो शातिरों को किया गिरफ्तार, मोबाइल टावरों से चोरी हुए चार बैटरियों को किया बरामद



बागेश्वर(उद संवाददाता)।थाना कपकोट में शामा उपतहसील क्षेत्र के ग्राम लाथी में लगे बीएसएनएल के मोबाइल टावर मे लगी सात बैटरियाँ चोरी होने की घटना ने सनसनी फैला दी थी।जिसके बाद चोरी की प्राथमिकी मिलने के बाद थानाध्यक्ष खुशवंत सिंह ने मामले कि जांच शुरू कर मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। जिसके बाद थानाध्यक्ष स्वयं पुलिस टीम के साथ जांच हेतु घटनास्थल पहुंचे। पहली बार इस तरह क्षेत्र में मोबाइल टावर से बैटरियां चोरी होने के मामले में स्थानीय लोगो के सहयोग से मामले की पूछताछ शुरू की गई।पुलिस ने जांच में मोबाइल टावर में बैटरियां कब लगाई गई, किनके द्वारा लगाई गई।इनके लिए कब किसके द्वारा बैटरियों को टावर में जोड़ा गया, टावर में लगने के कितने समय बाद चोरी हुई, इसके लिए टावर चौकीदार से विस्तृत जानकारी ली गई।भारी बैटरियां होने के बाद इसे आसानी से इधर उधर नही ले जाया जा सकता था, यदि किसी व्यक्ति द्वारा इन्हें देखा गया था तो पुलिस को सहयोग देने और जल्द चोरों को पकड़ने का आश्वासन देने के बाद पुलिस टीम को टावरों में काम करने आए बाहरी लोगों पर शक हुआ।जिसके बाद थानाध्यक्ष ने बाहरी मजदूर लोगो के बारे में जानकारी जुटानी शुरू कर दी।गहनता से जांच करने पर कपकोट पुलिस को मोबाइल टावरों में काम करने वालों पर शक हुआ जिसके बाद पुलिस टीम ने सभी संदिग्धों पर पैनी नजर बनाते हुए उनके गिरोह के बारे में जानकारी जुटाई। पुलिस ने गहन जांच के बाद मोबाइल टावरों से चुराई गई बैटरियों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक चोरी हुई बैटरियों की बाजार कीमत साढ़े तीन लाख से अधिक बताई है। बागेश्वर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीएसएनएल के कर्मचारी महिपाल सिंह ने कपकोट थाने में बैटरियां चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी।प्राथमिकी में कहा था कि शामा के मोबाइल टावर से सात बैटरियां अज्ञात चोरों ने चुरा ली है।जिस पर पुलिस अधीक्षक चन्द्र शेखर घोड़के ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए कपकोट पुलिस को शीघ्र मामले का खुलासा करने के निर्देश दिए।जिसके बाद पुलिस उपाधीक्षक अजय साह के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम का गठन किया गया।पुलिस ने 16/25 धारा 305 (म), 331 (3) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कर मुकदमा दर्ज करके चोरी का जल्द खुलासा करने के लिए सुरागपतारसी शुरू की।जांच में पुलिस टीम को चोरी के मुख्य सरगना आरोपी शिवम मौर्य पुत्र अशोक मौर्य निवासी केशव पुरम श्यामपुरम काशीपुर को उसके अन्य कुछ साथियों के साथ अलग-अलग स्थान से मोबाइल टावर से चोरी की बैटरीयो के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। शिवम से सख्ती से पूछताछ में चोरी की घटना में शामिल अन्य साथियों के नाम बताए। पूछताछ में बताया कि बैटरियों को अपने साथी रवि उर्फ रवि दिवाकर, कुलदीप यादव, गिरीश कुमार उर्फ सचिन ठाकुर,एंव राहुल चौधरी के साथ चोरी करते थे। अभियुक्त राहुल चौधरी जो कि मोबाइल टावर में सिविल इंजीनियरिंग का काम करता है राहुल चौधरी जनपद बागेश्वर व पिथौरागढ़ के नवनिर्मित मोबाइल टावर में सिविल वर्क का कार्य कर चुका है जिस कारण राहुल चौधरी को बागेश्वर के मोबाइल टावरों की लोकेशन की जानकारी रहती थी जिनकी लोकेशन राहुल चौधरी शिवम मौर्य को देता था जिस पर राहुल चौधरी शिवम मौर्य अन्य साथियों के साथ मिलकर मोबाइल टावर से बैटरीया चोरी करते थे। बागेश्वर पुलिस टीम द्वारा पूर्व से ही चोरो व बैटरियों की बरामदगी के लिए जनपद से बाहरी राज्यो में संदिग्धो व्यक्तियो से पुछताछ व वाँछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। पुलिस द्वारा पतारसी सुरागरसी व सर्विलांस की मदद से वाँछित शातिर अभियुक्तो रवि उर्फ रवि दिवाकर उर्फ रवि भारती पुत्र रामस्वरुप निवासी मकान नं-547 शान्ति विहार सिठौरा थाना सुभाषनगर जिला बरेली यूपी, उम्र-21 वर्ष, कुलदीप यादव पुत्र रामगोपाल यादव निवासी गणेशनगर गली नं5 थाना सुभाषनगर जनपद बरेली हाल पता सचिन टैन्ट हाउस सिठौरा रोड थाना सुभाषनगर जिला बरेली उम्र-22 वर्ष को 16/25 धारा 305 (म), 331 (3) बीएनएस में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में विवेचक उपनिरीक्षक संजय धौनी, तेजतर्रार उपनिरीक्षक जीवन सामन्त कांस्टेबल विरेन्द्र परिहार एसओजी में तैनात पुलिस जवान संतोष राठौर आदि मौजूद थे।

# विद्यावती ड्यूल डॉक्टरेट प्रोग्राम के लिए चयनित

पंतनगर(उद संवाददाता)। मटकोटा फॉर्म, पंतनगर निवासी एवं पंतनगर विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय की पीएच.डी. शोधार्थी विद्यावती का चयन वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के साथ संयुक्त रूप से संचालित ड्यूल डॉक्टरेट प्रोग्राम के लिए हुआ है। वह इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए पंतनगर विश्व विद्यालय की दूसरी शोधार्थी हैं। विद्यावती वर्तमान में डा. आर.एस. जादौन के निर्देशन में शोध कार्य कर रही हैं। विद्यावती के माता-पिता श्री राधेश्याम एवं श्रीमती गायत्री चौरसिया अम्बेडकर नगर, अयोध्या के निवासी हैं। विद्यावती अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने शोध निदेशक डा. आर.एस. जादौन, डा. एच. जे. शिवा प्रसाद, कृशि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के सभी शिक्षकगणों, गुरुजनों, अपने परिवार तथा पति गोपाल जायसवाल और भाइयों संतोष एवं विकास को देती हैं। डीडीपी पंतनगर विश्वविद्यालय और वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय (डब्ल्यूएसयू) के बीच



हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के तहत एक संयुक्त डिग्री कार्यक्रम है, जिसके तहत विद्यावती को दो डॉक्टरेट डिग्री पुरस्कृत की जाएगी, जिसमें एक घरेलू संस्थान यानी गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर और दूसरी मेजबान संस्थान डब्ल्यूएसयू द्वारा पुरस्कृत की जाएगी। विद्यावती विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया में अध्ययन एवं अनुसंधान कार्य करेंगी। इस दौरान उन्हें विष्वविद्यालय की ओर से प्रति वर्ष तैंतीस हजार पाँच सौ बारह ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की छात्रवृत्ति तथा शोध-संबंधी कार्यों के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी। विद्यावती ने अपनी स्नातक शिक्षा (बीबीए) वीएमयू, लखनऊ से एवं स्नातकोत्तर (एमबीए) डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विष्वविद्यालय (डीएसएमएनआरयू), लखनऊ से पूर्ण की है। वर्तमान में वह कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय, पंतनगर में पीएचडी कर रही हैं। विद्यावती ने कहा कि वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय के साथ दोहरे डॉक्टरेट कार्यक्रम के लिए उनका चयन न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पंतनगर विश्व विद्यालय की शैक्षणिक क्षमता और अंतर्राष्ट्रीय मान्यता का भी प्रमाण है। विद्यावती की इस उपलब्धि पर पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, अंतर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डा. एच.जे. शिवा प्रसाद, अधिष्ठाता कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों एवं डा. दिलुपा नाकंदला वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय डब्लूएसयू के सभी प्राध्यापकों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# आग लगने से झोपड़ी खाक

रामनगर (उद संवाददाता)।मंगलवार की सुबह ग्राम पूछडी इलाके में एक झोपड़ी के अंदर बिजली के शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लगने के बाद इलाके में हड़कम्प मच गया। अग्निकाण्ड में घरेलू सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों द्वारा आग बुझाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन प्रयास सफल नहीं हो पाए घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों में कड़ी मशक्कत के बाद आग पर



काबू पाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्टेशन ऑफीसर सुशील कुमार ने बताया कि उक्त गांव में रहने वाले बृजपाल की झोपड़ी में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। उन्होंने बताया कि इस अग्निकांड में पीड़ित का करीब ढाई से 3 लाख का नुकसान हुआ है। इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है।

# महेश पाल की मौत की पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

## आक्रोशित परिजनों ने चिकित्सक पर युवक का गलत इलाज करने का लगाया आरोप

किच्छा (उद संवाददाता)। नगर में बीमारी के इस मौसम में जहां एक और डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है वहीं डेंगू की शिकायत के भी मरीज आ रहे है। आम नागरिकों द्वारा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर चल रहे छोटे-बड़े अस्पतालों से इलाज कराया जा रहा है। बीते रविवार की रात को नगर के हल्द्वानी मार्ग पर चिकित्सक पर युवक का गलत इलाज किए जाने के आरोप चलते आक्रोशित परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। परिजनों ने आरोप लगाया कि गलत इलाज किए जाने के चलते युवक की मौत हुई है। पुलिस द्वारा युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया अब पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस द्वारा आरोपी चिकित्सक को पूछताछ के लिए कोतवाली लाया गया। जिसे प्रारंभिक पूछताछ के उपरांत छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार रविवार को कोतवाली अंतर्गत वार्ड नंबर 2, लक्ष्मी विहार कॉलोनी निवासी तमाम लोग कोतवाली पहुंचे और हंगामा करते हुए आरोपी चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। मृतक के पिता मंगल सिंह सहित आक्रोशित परिजनों ने आरोप लगाया कि शनिवार की दोपहर वार्ड नंबर 2 लक्ष्मी विहार कॉलोनी निवासी उनके पुत्र 33 वर्षीय महेश पाल को पेट दर्द की शिकायत होने के बाद



उसका इलाज कराने के लिए रेलवे स्टेशन के निकट स्थित एक चिकित्सक के क्लीनिक पर पहुंचे थे। परिजनों के अनुसार चिकित्सक ने मरीज महेश पाल को क्लीनिक में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया और इंजेक्शन तथा ग्लूकोज की दो-तीन बोतल लगा दी। बताया कि करीब 3 घंटे तक महेश पाल का इलाज किए जाने पर कुछ सुधार होने पर महेश पाल को घर भेज दिया और रात्रि 9 बजे फिर से इंजेक्शन लगाने के लिए बुलाया। परिजनों के अनुसार रात्रि 9 बजे परिजन महेश को लेकर क्लीनिक पर पहुंचे और चिकित्सक ने इंजेक्शन लगाने के बाद जल्द सुधार होने की बात कह कर उन्हें घर भेज दिया। मृतक के पिता मंगल सिंह ने बताया कि रात्रि में खाना खाने के बाद महेश पाल सो गया और करीब 12:30 बजे अचानक उसकी तबीयत खराब होने के बाद जब महेश पाल फ्रेश होने के लिए बाथरूम गया तो बेहोश होकर वहीं गिर गया। महेश पाल को गंभीर अवस्था में सुबह तड़के इलाज के लिए रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया और तमाम परिजनों ने तथाकथित चिकित्सक के क्लीनिक पर पहुंचकर जमकर हंगामा करते हुए तमाम गंभीर आरोप लगाए। क्लीनिक पर हंगामा करने के बाद कोतवाली पहुंचे परिजनों ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों की शिकायत पर चिकित्सक को कोतवाली बुलाया तथा पूछताछ की। मृतक के परिजनों से जानकारी लेने के बाद कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने परिजनों को जांच के उपरांत कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए शांत कराया। कोतवाल प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तथा पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस द्वारा आगे कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि पूर्व में भी आरोपी चिकित्सक के खिलाफ गलत उपचार के कारण मरीज की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इस दौरान कोतवाली में महेंद्र कश्यप, बृजेश कुमार, अशोक कश्यप, धर्मपाल कश्यप, किरण पाल, आयुष कुमार आदि मौजूद रहे।

### सीएमओ से की शिकायत

किच्छा। भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं मृतक महेशपाल के मामा महेंद्र कश्यप ने आरोप लगाया कि मरीज का इलाज कर रहे चिकित्सक के पास कोई भी डिग्री नहीं है तथा उसके द्वारा खुलेआम मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दूरभाष पर पूरे मामले से अवगत कराते हुए आरोपी चरण सिंह पर कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने जांच के उपरांत चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### ग्रेजुएट के साथ एकाउंटेंट भी था महेश

किच्छा। बताया जा रहा है कि मृतक महेश पाल ग्रेजुएट होने के साथ ही अकाउंट का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सिडकुल रुद्रपुर स्थित कई कंपनियों में अकाउंट का काम देख रहा था। परिजनों के अनुसार करीब 2 वर्ष पूर्व महेश पाल का धूमधाम से विवाह हुआ था और उसकी करीब एक वर्षीय एक संतान भी है। महेश पाल की मौत के बाद परिवार जनों पर दुखों का पहाड़ टूट गया है और मृतक के माता-पिता सहित उसकी पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल नजर आया।

### पूर्व में भी गलत इलाज का लगा है आरोप

किच्छा-पूर्व में भी आरोपी चिकित्सक पर एक समाज सेवी के पोते का गलत तरीके से इलाज करने का आरोप लगा था तथा काफी हंगामा भी खड़ा हुआ था। पुन: घटना की पुनरावृति होने के चलते स्वास्थ्य विभाग एवं शासन प्रशासन भी बीमारी के इस मौसम में अलर्ट मोड पर आ गया है तथा अनुभवहीन चिकित्सकों की जांच प्रारंभ की जा रही है।

# गुलमोहर दिवस पर किया गुलमोहर व अन्य पौधों का रोपण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आज गुलमोहर दिवस के उपलक्ष्य में सैंट पॉल स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नीम व गुलमोहर के पौधे लगाए गये। पौधारोपण में स्कूल प्रशासन व अन्य लोगों के साथ पौधारोपण किया गया। सेल्फ रिलायंस इनशियेटिव की अध्यक्षता में तनुजा जोशी व सेंट पॉल स्कूल प्रबंधिका जरीना रोलेस्टेन, कौशलेंद्र भट्ट, मिथुन जायसवाल के साथ पौधारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। तनुजा जोशी ने बताया कि लगातार पूरी बरसात पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



# उत्तराखंड शासन को प्राप्त हुई जांच रिपोर्ट, दर्ज होगी एफआईआर

-अर्श-

देहरादून। भारत सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय ने अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति में हेर फेर की शिकायत प्राप्त होने पर राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल का विश्लेषण कराया था। विश्लेषण में कतिपय संस्थानों और स्कूलों की गतिविधियां संदिग्ध पाई गई थी ।इसके बाद अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय ने उत्तराखंड समेत देशभर के दूसरे कई राज्यों में भी इसी तरह की अनियमितता को लेकर राज्य सरकारों को जांच के निर्देश दिए थे। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय के निर्देश के अनुपालन में उत्तराखंड में 92 संदिग्ध संस्थानों और स्कूलों को रडार पर लिया गया था और गड़बड़ी की शिकायत वाले जिलों के जिला अधिकारियों को एसडीएम की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाकर जांच करने का निर्देश दिया गया था। ज्ञात हो कि उत्तराखंड शासन को अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए संचालित केंद्र पोषित छात्रवृत्ति में अनियमितताओं के संबंध जांच रिपोर्ट अब प्राप्त हो गई है। जिला प्रशासन के स्तर पर जांच के उपरांत जो रिपोर्ट शासन को प्रेषित की गई है, उसमें 92 संस्थानों में से 17 संस्थानों में अल्पसंख्यक छात्र- छात्राओं की छात्रवृत्ति में प्रथम दृष्टया घोटाला मिला है। जांच में सामने आया है कि उपरोक्त सभी 17 संस्थानों में 1058 छात्रों ने अनुचित तरीके से छात्रवृत्ति प्राप्त की है ।एक अनुमान के मुताबिक इन संस्थानों में लगभग 91 लाख रुपये की छात्रवृत्ति का घोटला हुआ है। खबर है कि अब इस मामले में एफआईआर कराने की तैयारी की जा रही है।जिन 17 संस्थानों में छात्रवृत्ति संबंधी गड़बड़ी होने का पता चलता है, उनमें सबसे अधिक सात संस्थान हरिद्वार में हैं। वही ऊधमसिंह नगर में छह, नैनीताल और रुद्रप्रयाग के दो-दो संस्थान अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति घोटाले में संलिप्त हैं। जांच में पता चला है कि कुछ संस्थान ऐसे भी थे, जहां पर छात्र तो कभी थे ही नहीं, मगर संबंधित संस्थानों ने रिकॉर्ड में अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं की फर्जी उपस्थिति दिखाकर छात्रवृत्ति स्वयं ही डकार ली ।अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सचिव धीराज गर्ब्याल ने मीडिया को उपलब्ध कराई गई जानकारी में बताया है कि जांच रिपोर्ट मिल गई है, जिसे मंत्रालय भेजा जा रहा है और अब प्रकरण में एफआईआर दर्ज कराने समेत अन्य कदम उठाए जाएंगे।




# नवीन पांडे अध्यक्ष एवं त्रिवेणी जोशी बने व्यापार मंडल महासचिव

कालाढूंगी (उद संवाददाता)। कोटाबाग व्यापार मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। पांडे को व्यापार मंडल का नया अध्यक्ष एवं त्रिवेणी जोशी को व्यापार मंडल महासचिव चुना गया। व्यापार मंडल किया गया था। जिसके पश्चात् 16 जून की दिनांक सुनिश्चित की गई। प्रत्येक पद पर एकल नामांकन होने के कारण, सभी



इसके लिए सिंचाई विभाग डाक बंगला में व्यापारियों की आम बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें नवीन कोटाबाग के लिए बीते माह से चुनाव प्रक्रिया गतिमान थी। बीते सप्ताह नामांकन पत्र की बिक्री एवं नामांकन पदों पर प्रत्याशियों ने निर्विरोध जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद पर नवीन चंद्र पांडे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कमल बुढ़लाकोटी, उपाध्यक्ष पद पर जितेंद्र बुढ़लाकोटी, महासचिव पद पर त्रिवेणी जोशी, उप सचिव पद पर कैलाश चंद्र रेखाड़ी एवं ललित मोहन बिष्ट, कोषाध्यक्ष पद पर राजेंद्र छिम्वाल, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य घनानंद सट्टा एवं कमल चंद्र बुढ़लाकोटी तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर सुरेंद्र सिंह नेगी एवं सुदर्शन सिंह कपकोटी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। निवर्तमान व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश वर्मा ने सभी पदाधिकारी को गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए कार्यभार ग्रहण कराया। इस दौरान मुकेश वर्मा, चंद्रशेखर बुढ़लाकोटी, प्रभाकर ढौडियाल, अशोक जोशी, डॉ० चंद्रशेखर जोशी एवं कुलदीप तड़ियाल को व्यापार मंडल कोटाबाग का आजीवन सदस्य भी बनाया गया।

# देहरादून में गरजेंगे मनरेगा कर्मचारी

कालाढूंगी। कोटाबाग उत्तराखंड मनरेगा कर्मचारी संगठन की आह्वान पर विकासखंड कोटाबाग के समस्त कर्मचारीयों ने खंड विकास अधिकारी कोटाबाग डॉ श्वेता को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। मनरेगा कर्मचारियों के द्वारा ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि विभिन्न मांगों के लिए वे सभी कर्मचारी दिनांक



23 जून 2025 को मुख्यमंत्री आवास कूच करेंगे। कर्मचारी राहुल गुप्ता ने बताया कि कर्मचारी हिमांचल एवं राजस्थान की तर्ज पर, उत्तराखंड के सभी मनरेगा कार्मिकों का विभाग में नियमितीकरण/समायोजन चाहते हैं। ज्ञापन देने में देवेंद्र पतलिया, नीरज पडियार, विक्रम बिष्ट, गिरीश जोशी, नंदन सिंह, राहुल गुप्ता कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खेत में गिरा मोटर पैराग्लाइडर, बाल बाल बचे दो लोग

रामनगर (उद संवाददाता)। सोमवार की शाम निकटवर्ती छोई क्षेत्र में एक मोटर पैराग्लाइडर अचानक तकनीकी खराबी के चलते अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरा। हादसे के समय पैराग्लाइडर में दो लोग सवार थे, लेकिन गनीमत रही कि दोनों की जान बच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसा शाम करीब 5 बजे के आसपास हुआ। आसमान में उड़ रहा मोटर पैराग्लाइडर अचानक नीचे गिरने लगा और देखते ही देखते एक खेत में आकर गिर गया। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू किया, पैराग्लाइडर में सवार दोनों लोग सुरक्षित हैं, हालांकि उन्हें हल्की फुल्की चोटें आई हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसे की वजह तकनीकी खराबी मानी जा रही है। बताया गया है कि उड़ान के दौरान मोटर पैराग्लाइडर के इंजन में खराबी आ गई, जिसके चलते वह हवा में संतुलन खो बैठा और नीचे गिर गया। गौरतलब है कि रामनगर क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों के तहत पैराग्लाइडिंग और अन्य साहसिक खेलों का संचालन किया जाता है,हालांकि इस तरह की गतिविधियों में सुरक्षा मानकों का ध्यान न रखा जाना बड़ा सवाल खड़ा करता है,स्थानीय प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है और पैराग्लाइडिंग संचालकों को सुरक्षा दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल, दोनों घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार दिया गया है और उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है, हादसे के बाद इलाके में हड़कंप का माहौल बना रहा।



# पुरस्कार वितरण एवं अरदास के साथ समर कैंप का समापन

गदरपुर(उद संवाददाता)। 15 दिवसीय गुरु प्रसाद समर कैंप का बच्चों द्वारा किए गए शब्द कीर्तन,कविता, लेक्चर एवं अरदास के उपरांत पुरस्कार वितरण के साथ समापन किया गया । गुरुद्वारा सिंघ सभा गदरपुर में आयोजित एसजीपीसी श्री अमृतसर के उत्तराखंड काशीपुर प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह,सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना के गदरपुर इंचार्ज दविंदर सिंघ, श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल गदरपुर के पूर्व प्रबंधक सुरेंद्र सिंह सीटू का विशेष योगदान सिंह,अवतार सिंह,गुरविंदर सिंह, अमरीक सिंह,सरदार सिंह,कुलदीप सिंह, दलजीत सिंह,जसविंदर सिंह, जगदीश सिंह सिंह,जगजीत सिंह, परविंदर बत्रा,सतविंदर सिंह,दर्शन सिंह,मुकेश धींगरा,बलजीत सिंह,



समर कैंप में गुरुमुखी,पंजाबी अक्षर ज्ञान,गुरबाणी पाठ, इतिहास ,सिख सिद्धांत,सिख रहित मर्यादा,कविता एवं शब्द कीर्तन का प्रशिक्षण दिया गया। सफलतापूर्वक आयोजित किए गए समर कैंप के समापन पर शिविर आयोजक स्त्री सत्संग सभा की अध्यक्ष सविंदर कौर रोजी ने सभी का धन्यवाद किया, रहा । बच्चों एवं सेवादारों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र के अलावा धर्म प्रचार कमेटी द्वारा उपलब्ध कराए गए मेडल एवं प्रमाण पत्रों का भी वितरण किया गया । इस दौरान रागी भाई नवजोत सिंह,मंगल सिंह एवं परमजीत सिंह,भाई राजेंद्र सिंह,नरेंद्र सिंह ग्रोवर,ज्ञान सिंह,सुरेंद्र सिंह ग्रोवर,इंद्रजीत सिंह ग्रोवर, देवेंद्र पाल कवलजीत कौर, परविंदर कौर, इकबाल कौर,भूपिंदर कौर, सुरेंदर कौर,रानी कौर कलसी, बलजीत कौर, हर्षमीत कौर, हरजिंदर कौर,सिमरन कौर,प्रभदीप कौर, बीना कौर कलसी सहित कैंप में शामिल होने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावक गण तथा अन्य साध संगत ने शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया ।

# पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू: अधिकारियों को मिला विशेष प्रशिक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन- 2025 की तैयारियों के अंतर्गत व्यापक तकनीकी और प्रशासनिक प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इसी क्रम में सोमवार को सर्किट हाउस, काठगोदाम में एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता आयोग के प्रभारी संयुक्त सचिव, कमलेश मेहता ने की। प्रशिक्षण में कुमाऊं मंडल के छह जनपदों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी, पंचायती चुनाव अधिकारी, सूचना विज्ञान केंद्र के अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचन प्रशिक्षण प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे। राज्य निर्वाचन आयोग व राज्य सूचना विज्ञान केंद्र, देहरादून के अधिकारियों द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से जुड़ी विभिन्न कार्यप्रणालियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। एनआईसी द्वारा विकसित विशेष सॉफ्टवेयर का लाइव प्रदर्शन करते हुए मतदाता प्रबंधन, मतदाता सूची अपलोड, मतदान किट, मतपेटी प्रबंधन, निर्वाचन प्रमाण पत्र, मतगणना एवं निर्वाचन व्यय सीमा जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह सॉफ्टवेयर निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगम और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल मतदान और मतगणना की प्रक्रिया ऑटोमेटेड होगी, बल्कि कार्मिकों की नियुक्ति से लेकर परिणामों की घोषणा तक का कार्य ऑनलाइन माध्यम से



सुगमता से किया जा सकेगा। प्रशिक्षण में अधिकारियों को उत्तराखण्ड पंचायती राज अधिनियम, 2018, पंचायत निर्वाचन नियमावली, संशोधित प्रावधानों, निर्वाचन व्यय सीमा, मतदान व मतगणना प्रबंधन, और निर्वाचन कार्मिकों के प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रभारी संयुक्त सचिव कमलेश मेहता ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर सभी नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जांच सकते हैं। यदि किसी मतदाता का नाम छूटा हो या गलत दर्ज हो, तो सहायक निर्वाचन अधिकारी अथवा उप जिलाधिकारी के माध्यम से नाम जोड़ा या सुधारा जा सकता है। साथ ही, अपात्र व्यक्तियों के नाम हटवाने के लिए भी लिखित आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। आयोग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदान से वंचित न रहे तथा मतदाता की जानकारी सही और अपडेटेड हो। प्रशिक्षण के माध्यम से निर्वाचन से जुड़े समस्त अधिकारियों को तकनीकी रूप से सशक्त और तैयार किया जा रहा है।प्रशिक्षण सत्र में जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, कुमाऊँ मंडल के सभी उप जिला निर्वाचन अधिकारी, पंचायती चुनाव अधिकारी एवं सूचना विज्ञान केंद्र के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम ने केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय ऊर्जा व आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर जल-विद्युत परियोजनाओं के विकास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत विशेष सहायता हेतु अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से ऋषिकेश-हरिद्वार क्षेत्र में विद्युत लाइनों को भूमिगत और स्वचालित करने का अनुरोध किया। साथ ही, राज्य के कुमाऊं और अपर यमुना क्षेत्र में जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण हेतु रुपये 4000 करोड़ के वाइबिलिटी गैप फंड के लिए आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने राज्य के दूरदराज और कठिन भू-भाग में पंप स्टोरेज परियोजनाओं के विकास के लिए रुपये 3800 करोड़ के वायबिलिटी गैप फंड की भी अनुरोध किया, जिससे इन क्षेत्रों में ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ाया जा सके और स्थानीय विकास को भी बढ़ावा मिले। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने पावर सिस्टम डेवलप फंड के तहत पिटकुल की दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं की डीपीआर



की स्वीकृति का आग्रह करते हुए इन दोनों परियोजनाओं को 100 प्रतिशत अनुदान के साथ मंजूरी देने का भी अनुरोध किया। इन परियोजनाओं की लागत रुपये 1007.82 करोड़ है। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री का प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत कमजोर आय वर्ग के लिए आवासीय इकाइयों के निर्माण को लेकर वर्तमान दिशानिर्देशों की व्यवहारिक चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार निजी भागीदारी मॉडल के अंतर्गत सफलतापूर्वक परियोजनाएं संचालित कर रही है, लेकिन एकमुश्त केंद्रीय अनुदान की व्यवस्था से परियोजनाओं का कैश फ्लो प्रभावित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया कि सरकारी भूमि पर लागू चरणबद्ध सहायता प्रणाली (जैसे 40:40:20) को निजी भूमि आधारित परियोजनाओं में भी लागू किया जाए। मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया कि बैंकों, एनबीएफसी और अन्य वित्तीय संस्थानों को इस संबंध में स्पष्ट दिशा निर्देश दिए जाएं ताकि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लाभार्थियों को सरलता से ऋण सुविधा उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से आरआरटीएस (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) को मोदीपुरम मेरठ मार्ग से आगे हरिद्वार तक विस्तारित करने हेतु अनुरोध किया। इससे न केवल राज्य में यातायात की समस्या हल होगी, बल्कि शहरीकरण और समग्र आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

# टॉपर्स को मिलेगा विशेष सम्मान, सीएम के निर्देश पर बनेंगे एक दिन के डीएम व एसपी

## प्रदेश की प्रमुख नदियों पर होंगे 'नदी उत्सव'

देहरादून (उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में शिक्षा व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अभिनव पहल करते हुए दो महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी टॉपर्स को एक दिन के लिए सांकेतिक जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक की भूमिका दी जाएगी। इस प्रेरणादायी कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी छात्रों को प्रशासनिक अनुभव देना, उनमें आत्मविश्वास जगाना और उच्च लक्ष्य की ओर प्रेरित करना है। यह योजना जल्द ही जिलों में लागू की जाएगी और इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 'नदी उत्सव' आयोजित करने के निर्देश भी दिए हैं। राज्य की प्रमुख नदियों के नाम पर यह उत्सव जनसहभागिता के माध्यम से आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन का उद्देश्य नदियों की सफाई, स्वच्छता, पुनर्जीवन और संरक्षण को जन अभियान का रूप देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की नदियां केवल जलस्रोत ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और जीवनशैली का हिस्सा हैं। 'नदी उत्सव' के माध्यम से आम जन को जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।धामी सरकार की यह पहल न केवल मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की ओर भी एक सशक्त प्रयास है।



# युवाओं ने राष्ट्रीय सम्मेलन में जलवायु समाधान प्रस्तुत किए

पंतनगर (उद संवाददाता)। श्याम फाउंडेशन द्वारा विश्वविद्यालय की यूनिवर्सिटी लिटरेरी टीम के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय युवा जलवायु सम्मेलन विचार 25'', पूरे भारत में छात्रों, शोधकर्ताओं और पेशेवरों की उत्साही भागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच जलवायु पर संवाद, नवाचार और जागरूकता को बढ़ावा देना था। सम्मेलन का प्रारम्भ अतिथियों और निर्णायकों के स्वागत के साथ शुरू हुआ। यूनिवर्सिटी लिटरेरी टीम के स्टाफ काउंसलर डा. अमित केसरवानी ने उद्घाटन भाषण दिया, छात्रों के नेतृत्व वाली पहल की सराहना की और इन्फोग्राफिक और सार प्रतियोगिता के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। उन्होंने अभिनव जलवायु समाधानों को बढ़ावा देने में मंच की भूमिका पर प्रकाश डाला। डा. ए.एस. जीना, अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने ग्लेशियर पिघलने, अनियमित वर्षा और सूखे जैसे जलवायु परिवर्तन के खतरनाक प्रभावों पर जोर दिया और स्थायी हस्तक्षेप की आवश्यकता पर बल दिया। एशियन एग्री-हिस्ट्री फाउंडेशन के अध्यक्ष डा. एस.पी.एस. बेनीवाल ने जलवायु परिवर्तन से कृषि के लिए उत्पन्न खतरों पर एक सम्मोहक भाषण दिया। उन्होंने जैविक जैव उर्वरकों और वृक्षायुर्वेद में वर्णित कुणपजल जैसे प्राचीन योगों जैसी पारंपरिक प्रथाओं की वापसी की वकालत की। विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डा. सलिल तिवारी ने शस्यम् फाउंडेशन की पहल की प्रशंसा की और युद्धों और औद्योगिक अति दोहन के पर्यावरणीय परिणामों के बारे में चेतावनी दी। आईसीआर आईएसएटी इंडिया के वैज्ञानिक और कीट विज्ञान प्रमुख डा. जाबा जगदीश ने वर्चुअल रूप से जुड़कर कीट आबादी पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और जलवायु-लचीली फसल किस्मों के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने आईसीआर आईएसएटी में चल रही अपनी परियोजना से अंतर्दृष्टि भी साझा की। इफको एमसी के सीईओ श्री मनोज वार्ष्णेय ने भी वर्चुअल माध्यम से सभा को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन, विशेष रूप से तापमान वृद्धि और महाद्वीपों में बाढ़ के परस्पर जुड़े खतरों पर ध्यान केंद्रित किया। उद्घाटन सत्र के बाद, प्रतिभागियों ने कृषि, जैव विविधता और स्थिरता जैसे विषयों को एक साथ ऑफलाइन और ऑनलाइन सत्रों के माध्यम से अपने शोध और समाधान प्रस्तुत किए। निर्णायक पैनल को डा. अंजू पाल, डा. श्वेता उनियाल और डा. अमित केसरवानी ने सम्मानित किया। प्रस्तुतियों के बाद समापन सत्र शुरू हुआ। विश्वविद्यालय के बागवानी विभाग की सहायक प्राध्यापक डा. अंजू पाल ने प्रतिभागियों के व्यावहारिक कार्य और अभिनव ष्टिकोण की सराहना की। डा. अमित केसरवानी ने पूरे सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिनिधित्व और युवाओं द्वारा संचालित ऊर्जा की सराहना की। प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा प्रस्तुति की गुणवत्ता, प्रासंगिकता और नवाचार के आधार पर की गई। शीर्ष 5 प्रस्तुतकर्ता थे, सुश्री आयुषी जोशी, श्री यश पांडे, डा. अमित अनिल शाहने, रितिका बरगली, ऐशना श्रीवास्तव और पद्मिनी जोशी। सुश्री अनामिका शर्मा को इस क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सर्वश्रेष्ठ जलवायु शोधकर्ता का पुरस्कार दिया गया। ऑफलाइन प्रतिभागियों को निर्णायकों और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन श्री ध्रुव सचदेवा, संस्थापक और सीईओ, एसएएसवाईएएम फाउंडेशन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने किसानों को सशक्त बनाने, ज्ञान के अंतर को पाटने और सहयोगात्मक नवाचार के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए युवा दिमागों को एकजुट करने के अपने दृष्टिकोण को साझा किया। विचार 25 एक जीवंत मंच साबित हुआ, जो एक स्थायी भविष्य के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्पित पीढ़ी की आवाज को प्रतिध्वनित करता है।



# लालकुआं से प्रयागराज के लिए बीस जून से शुरू होगी ट्रेन: भट्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 20 जून से लालकुआं से प्रयागराज के लिए रेल सेवा शुरू हो रही है। श्री भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड वासियों को नई रेल सेवा की सौगात दिए जाने पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है। श्री भट्ट ने बताया कि आगामी 20 जून से लालकुआं और प्रयागराज के बीच नई साप्ताहिक ट्रेन का संचालन होगा, जो कि शुक्रवार को लालकुआं से प्रयागराज को रवाना होगी। जबकि प्रत्येक बृहस्पतिवार को प्रयागराज से लालकुआं ट्रेन आएगी। यह ट्रेन बरेली, कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर होते हुए प्रयागराज पहुंचेगी। श्री भट्ट ने कहा कि लंबे समय से इस ट्रेन के लिए केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात कर पत्राचार कर रहे थे आखिरकार उत्तराखंड वासियों के लिए यह सौगात मिली है। श्री भट्ट ने बताया कि प्रयागराज दर्शन के लिए जाने वाले उत्तराखंड वासियों को इस रेल संचालन से सुविधा मिलेगी, इसके अलावा प्रयागराज से लालकुआं आने वाली ट्रेन में उत्तराखंड के विभिन्न पर्वतीय एवं धार्मिक स्थलों पर दर्शन करने के लिए लोग उत्तर प्रदेश से आ सकेंगे








# राज्यपाल ने सीडीओ मनीष कुमार को किया सम्मानित






काशीपुर। महामहिम राज्यपाल सेनि0 लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह अपने निर्धारित कार्यक्रमानुसार काशीपुर पहुँचे। काशीपुर पहुंचकर महामहिम राज्यपाल ने ननकाना साहिब गुरुद्वारा काशीपुर पहुँचे जहाँ पर उन्होंने मत्था टेक कर प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके उपरांत उन्होंने नानकाना साहिब परिसर के सरोवर का भी निरीक्षण किया। इसके उपरांत महामहिम ने काशीपुर मंडी अतिथि गृह में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों व भारत सरकार की विकास परक योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने बेस्ट इलेक्शन इलेक्ट्रोल प्रेक्टिसस के लिए मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। बैठक में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि जनपद ऊधम सिंह नगर बीस सूत्रीय कार्यक्रम में गत वित्तीय वर्ष प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा, जिस पर महामहिम राज्यपाल ने जिला प्रशासन की टीम को बधाई दी। जिलाधिकारी ने पीपीटी के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं के कार्य प्रगति की विस्तृत जानकारियां दी। जिलाधिकारी ने भारत सरकार की जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि जल जीवन मिशन में 94 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष 6 प्रतिशत कार्य अंतिम चरण में है जिन्हें शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में जल संयोजन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में गिर रहे भू-जल स्तर को देखते हुए ग्रीष्म कालीन धान की खेती पर रोक लगाई गई है ताकि भू-जल स्तर को संरक्षित किया जा सके। उन्होंने कहा जनपद में सरकारी जमीनों में अतिक्रमण को चिन्हित कर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जा रहा है साथ ही ड्रग्स व साइबर अपराध पर रोक लगाने के लिए पुलिस व प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर कार्य किया जा रहा है।कई साइबर फ्रॉड व ड्रग्स अपराधियों को अभियान चलाकर जेल की सलाखों में डाला गया है। जिलाधिकारी ने भारत सरकार की फ्लेगशिप (ध्वजवाहक) योजना कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पीएम जनमन योजना, पीएम जन आरोग्य योजना, मिशन इंद्रधनुष, पीएम मातृ बंधन योजना, किसान सम्मान निधि, पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा योजना, लखपति दीदी, पीएम आवास योजना कार्य प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि महिलाओं को सशक्त करने के लिए महिला समूह बनाये गये है जिन्हे बैंकों से लिंक करते हुए उनके उत्पादों की विपणन की भी व्यवस्थएं की जा रही है। महिला समूहों को जनपद, प्रदेश व देश के विभिन्न मेलों के माध्यम से भी बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होने बताया कि महिला समूहों को जनपद में कैन्टीन, पार्किंग, ग्राथ सेंटर आदि भी उपलब्ध कराये जा रहे है ताकि उनकी आर्थिकी मजबूत हो सकें। उन्होने बताया कि जनता की समस्याओं के निस्तारण हेतु सरकार की मंशा के अनुरूप अधिकारियों द्वारा सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत गांवों में चौपाल लगाकर समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है व जन समस्याओं के निस्तारण हेतु तहसील दिवस, जनता दरवार, समय-समय पर बहुद्देशीय शिविर व बीडीसी बैठकें आयोजित की जाती है। महामहिम राज्यपाल ने रूद्रपुर में लिगेसी वेस्ट निस्तारण कार्य की सराहना की साथ ही उन्होने 5 योजनाओं की सफलता की कहानी उपलब्ध कराने व प्रधानमंत्री फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन लिखित विवरण देने के निर्देश दिये। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एसपी क्राईम निहारिका तोमर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 डीपी सिंह, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, एसपी अभय सिंह, गुरूद्वारा में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, बाबा सुरेन्द्र सिंह, बाबा गुरजन्त सिंह, बाबा हरि सिंह, बाबा लाखन सिंह व खालसा फांउडेशन आदि लोग मौजूद थे।

# खोड़ की भूमि पर बनी दस दुकानों को किया ध्वस्त

नानकमत्ता।जिला पंचायत ने यहां खोड़ की भूमि पर बनी 10 दुकानों को पुन: ध्वस्त कर बड़ी कार्रवाई करते हुए जमीन को मुक्त कर लिया ।अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान जिला पंचायत की टीम के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी के साथ ही भारी पुलिस बल मौजूद था। जानकारी के अनुसार जिला पंचायत उधम सिंह नगर की मुख्य चौराहे पर खोड़ की भूमि पर बलबीर सिंह द्वारा दुकानों का निर्माण किया गया था। जिला पंचायत के अधिकारी के मुताबिक सितंबर 2022 में उन दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया था लेकिन इसके बावजूद पुन: बलवीर सिंह द्वारा जिला पंचायत की कब्जे से मुक्त कराई गई जमीनों पर 10 दुकान पुन: बना ली थी। जिसको लेकर जिला पंचायत की टीम ने रविवार को तहसीलदार हिमांशु जोशी के नेतृत्व में उक्त दुकानों को चिन्हित कर निशान लगाकर नोटिस चसपा कर 24 घंटे तक अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए थे। सोमवार को शाम 6 बजे उप जिला अधिकारी सितारगंज रविंद्र सिंह जुबांठा, तहसीलदार हिमांशु जोशी के साथ जिला पंचायत के अपराधिकारी गणेश भट्ट थाने में पहुंचे जहां अतिक्रमण हटाने को लेकर रणनीति बनाई गई। थाना अध्यक्ष उमेश कुमार की अगुवाई में पुलिस बल के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी मुख्य चौराहे पर बलवीर सिंह की दुकानों पर पहुंचे जहां उन्होंने दो जेसीबी मशीन की मदद से पांच बनी नई दुकानों को धवस्त करते हुए उसके साथ ही लगी पुरानी दुकानों को भी जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। जिला पंचायत की टीम की कार्रवाई के चलते बाजार के व्यापारी आसपास में इकट्ठे हो गए। हालांकि किसी व्यापारी ने कार्रवाई का विरोध नहीं किया। जिला पंचायत ने दो घंटे में ही कार्यवाही को अंजाम दे दिया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान बलवीर सिंह की पत्नी व उनकी पुत्री समेत स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल था, प्रशासन के अधिकारियों से उन्हें भी जेसीबी के नीचे दबने की मांग कर रहे थे। लेकिन तमाम विरोध के बावजूद भी प्रशासन ने अपनी कार्रवाई जारी करते हुए जिला पंचायत की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। इधर अतिक्रमणकारियों बलवीर सिंह का कहना है कि वह पिछले 60 वर्ष से यहां पर अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने अतिक्रमण की कार्रवाई को गलत बताते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। अतिक्रमण हटाने के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से खटीमा सितारगंज से पुलिस फोर्स बुलाई गई थी। जिला पंचायत के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मलवा हटाकर अतिक्रमण से मुक्त कराई गई जमीन को जिला पंचायत का बोर्ड लगाकर कब्जे में ले लिया जाएगा





# सुचारू विद्युत व्यवस्था के लिए सभासद ने दिया ज्ञापन

## लो वोल्टेज और फेस फॉल्ट से लोग परेशान

सितारगंज (उद संवाददाता) ।शहर के इस्लामनगर के वार्ड चार और तीन में विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर सभासद रेहान अंसारी ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता चंदन सिंह बस्नेत को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि दोनों वार्डो में गर्मी के मौसम में आए दिन लो वोल्टेज, फेस फॉल्ट की समस्या बनी रहती हैं। सभासद रेहान अंसारी ने विद्युत विभाग के कार्यालय पहुंचकर ईई से मुलाकात की। उन्होंने ज्ञापन



शॉप पर कहा कि वार्ड चार और तीन में रहने वाले वार्ड वासियों को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिस कारण गर्मी के मौसम में उपभोक्ता परेशान है विद्युत आपूर्ति नहीं होने से जलापूर्ति भी प्रभावित होती हैं। उन्होंने दोनों वार्डो में सुचारू आपूर्ति के लिए क्षमता अनुसार विद्युत केबल शिफ्ट करने की मांग की।

# एलुमनी मीट में पूर्व छात्रों ने अनुभव साझा किए

पंतनगर(उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में आयोजित एलुमनी मीट में वर्ष 1997, 1998, 1999, 2000, 2001 और 2007 बैच के लगभग 40 पूर्व छात्रों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय में बिताए पुराने दिनों को फिर से याद करके बेहद खुश नजर आए। इस अवसर पर डा. ए.एस. जीना और डा. अनिल कुमार से मुलाकात की और उन्होंने पूर्व छात्रों को संबोधित किया,



जिसमें 4ए (पूर्व छात्रों के लिए बने संगठन) में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। एलुमनी मीट में पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और महाविद्यालय के साथ जुड़े रहने के तरीकों पर चर्चा की। इस आयोजन का उद्देश्य पूर्व छात्रों के साथ संबंधों को मजबूत करना और महाविद्यालय के विकास में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था। इस एलुमनी मीट के सफल आयोजन में पंतनगर से डा. रुचि गंगवार, डा. रेनू पांडेय, डा. अमित केसरवानी, डा. रश्मि तिवारी, डा. उषा पंत, डा. विनीता राठौर एवं पूर्व छात्रों में उत्तम सिंह नेगी, जितेंद्र सकलानी और हिमांशु उप्रेती ने अहम योगदान दिया। सभी पूर्व छात्रों ने कृषि महाविद्यालय अधिष्ठाता डा. सुभाष चंद्र एवं कॉलेज प्रबंधन का विशेष आभार भी जताया।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता जसविंदर सिंह भाजपा में शामिल

## पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की उपस्थिति में जताया भाजपा नेतृत्व पर विश्वास

किच्छा(उद संवाददाता)।क्षेत्र के वरिष्ठ और प्रभावशाली कांग्रेस नेता ग्राम नजीमाबाद निवासी जसविंदर सिंह मानकिया ने आज अपने दर्जनों समर्थकों के साथ कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह सदस्यता पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा किच्छा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी ने सभी नवागंतुकों को पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। जसविंदर सिंह मानकिया ने कांग्रेस में रहते हुए कई जिम्मेदार पदों पर कार्य किया, जिनमें कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ उधमसिंहनगर के पूर्व जिलाध्यक्ष, किसान कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष, पूर्व डायरेक्टर मंडी समिति किच्छा, और जिला उपाध्यक्ष (राहुल गांधी और यूथ ब्रिगेड) शामिल हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद मानकिया ने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के जनहितकारी कार्यों से प्रभावित हूं, साथ ही पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व, कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पण और क्षेत्र के चहुंमुखी विकास को देखकर मैं भाजपा से जुड़ने को प्रेरित हुआ हूं। कांग्रेस में लंबे समय तक सक्रिय रहने के बावजूद वहां लगातार उपेक्षा झेलनी पड़ी, इसलिए आज मैंने यह बड़ा निर्णय लिया है।इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री राजेश शुक्ला ने जसविंदर सिंह मानकिया का स्वागत करते हुए कहा कि जसविंदर सिंह मानकिया जैसे जमीनी और अनुभवी नेता का भाजपा में आना न सिर्फ पार्टी को मजबूती देगा, बल्कि किच्छा क्षेत्र में संगठनात्मक आधार को और सशक्त करेगा। भाजपा एक विचारधारा आधारित पार्टी है जहां कार्यकर्ताओं और जनसेवकों का सम्मान होता है। हम सब मिलकर 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र को लेकर क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। कांग्रेस छोड़ भाजपा ज्वाइन करने वालों में युवा नेता राज सिंह, इंद्रजीत सिंह, सुनील राय, मंसूर अली, हरि सिंह, बबलू, विकु कुमार, फिरोज अहमद, शंकर दत्त पाठक, कमल जोशी, शतीश जोशी, महेंद्र कुमार, धर्मेंद्र सिंह, बच्चन सिंह समेत दर्जनों अन्य कार्यकर्ताओं ने भाजपा की संस्थान इस दौरान मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, ग्रामीण मंडल महामंत्री जितेंद्र गौतम, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शेर सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नंद किशोर, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य जय नारायण, कमल फुलारा, क्षेत्र पंचायत सदस्य परमजीत सिंह पम्मा, पूर्व प्रधान परविंदर सिंह, महेंद्र कुमार, सरवन भगत, ग्राम प्रधान दीपक मिश्रा, पूर्व जिला महामंत्री किसान मोर्चा नारायण पाठक, अंकित पाठक, कमल जोशी, आत्मा परियोजना अध्यक्ष रविकांत वर्मा, डॉक्टर सावन सिंह, राजेंद्र सिंह, राजू चौहान, अजय कुमार अज्जू समेत समस्त ग्रामीण मंडल कार्यकर्ता उपस्थित थे।





उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## आतंकवाद पर अंकुश

भारत आतंकवाद के खिलाफ सभी देशों को एकजुट करना चाहता है। साइप्रस, कनाडा और क्रोशिया की यात्रा से पहले प्रधानमंत्री का यह कहना इस मायने में महत्त्वपूर्ण है कि आतंकवाद के मुद्दे पर सभी देशों को एकजुट करने का यही अवसर है। उन्होंने यात्रा के पहले चरण में साइप्रस को चुन कर पाकिस्तान के मित्र तुर्किये को एक तरह से कूटनीतिक संदेश दिया है। दरअसल, भारत और साइप्रस के मसले लगभग एक जैसे हैं।तुर्किये ने साइप्रस के वरोशा शहर पर ठीक उसी तरह से कब्जा कर रखा है, जिस तरह से पाकिस्तान ने कश्मीर के एक हिस्से पर। क्रोशिया की यात्रा में साइप्रस को शामिल करने के पीछे भारत की अपनी रणनीति है। गौरतलब है कि साइप्रस और भारत की समान वैश्विक चिंताएं हैं। आतंकवाद के खिलाफ भी उनका समान रुख है। दोनों ने स्पष्ट कर दिया है कि यह युद्ध का युग नहीं। कोई दो मत नहीं कि दुनिया के कुछ हिस्सों में चल रहे संघर्ष को संवाद से ही टाला जा सकता है। भू-राजनीतिक तनाव के बीच प्रधानमंत्री ने साइप्रस के राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद विश्व को यही संदेश दिया है।प्रधानमंत्री की यात्रा में सबसे अहम पड़ाव कनाडा है, जहां जी-7 शिखर सम्मेलन में उन्हें आतंकवाद के खिलाफ भारत का पक्ष बताने के साथ वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं पर भी विचार रखने का अवसर मिलेगा। आपरेशन सिंदूर के बाद विश्व के नेताओं के बीच प्रधानमंत्री की यह पहली उपस्थिति है। सम्मेलन में साझेदार देशों से संबंध प्रगाढ़ करने के साथ प्रौद्योगिकी, ऊजा व रक्षा सहित कई वैश्विक मुद्दों पर चर्चा से भारत के लिए नई राह खुलेगी। प्रधानमंत्री के दौरे से कनाडा से संबंध सुधरने की उम्मीद है। जस्टिन टूडो के कार्यकाल में भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाए गए थे। जिससे दोनों देशों के बीच तल्खी बढ़ गई थी। शिखर सम्मेलन में भारत को न्योता देकर कनाडा ने वैश्विक कूटनीति को प्राथमिकता दी है। वह जानता है कि भारत उभरती ताकत है और उसके बिना सात देशों का विशिष्ट समूह अधूरा है

# चौपाल लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं

## महापौर ने जगतपुरा में पैदल भ्रमण कर लिया समस्याओं का जायजा



रूद्रपुर । महापौर विकास शर्मा ने वार्ड नंबर 39 के जगतपुरा क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर समस्याओं का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने चौपाल लगाकर वार्डवासियों और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद भी किया। भ्रमण और चौपाल के दौरान सामने आई समस्याआओं के निस्तारण के लिए महापौर ने नगर निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिये। वार्ड में भ्रमण के लिए पहुंचे महापौर विकास शर्मा ने भ्रमण के दौरान जगतपुरा गली नंबर 6 में जमीनी स्तर के कार्यकर्ता के निवास पर लिट्टी चोखा का आनंद लिया। इसके साथ ही उन्होंने पैदल भ्रमण कर बस्तीवासियों की समस्याओं को करीब से जाना। महापौर ने वार्ड के निकट बह रही नदी की सफाई का भी जायजा लिया। उन्होंने वार्ड में चौपाल भी लगायी और लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान वार्डवासियों ने सड़क, नाली, बिजली के खंभे, और स्ट्रीट लाइट की समस्याएं उठाई। जिस पर महापौरी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने, नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने, खराब या झुके हुए बिजली के खंभों की मरम्मत करने, स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने और नदी की समुचित सफाई कर वातावरण को स्वच्छ बनाने के निर्देश भी दिये। इस दौरान महापौर ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना उनकी प्राथमिकता है। जिसके लिए नगर निगम दिन रात काम कर रहा है। नगर निगम स्वच्छता पर विशेष ध्यान दे रहा है, इसी लिए नगर के सभी नालों नालियों की तली झाड़ सफाई कराई जा रही है। शहर के बीच से होकर निकलने वाली कल्याणी नदी की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया है,जिससे आने वाले बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। कल्याणी नदी को पुनर्जीवित करने के लिए भी बड़ा प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि जनता से जो वायदे उन्होंने किये थे उन्हें पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आशीर्वाद से सभी वायदों को जल्द से जल्द पूरा किया जायेगा। यह सब जनता के सहयोग से ही संभव होगा। उन्होंने कहा कि लागों की समस्याओं को जानने के लिए वार्डों में इसी तरह संवाद तथा समाधान की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। इस अवसर पर भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, भाजपा नेता राधेश शर्मा, हिमांशु शुक्ला,राजेश जग्गा सहित तमाम भाजपाई और वार्डवासी मौजूद थे।

# अपर जिलाधिकारी ने जनता दरबार मे सुनी दूरस्थ क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्या

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आशीष भटगांई के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल की अध्यक्षता में तहसील सभागार में आयोजित जनता दरबार में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सम्मुख रखी।अपर जिलाधिकारी ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना और समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को गम्भीरता बरतते हुए। तत्काल समस्याओ का निराकरण करने, किसी भी समस्या को लेकर आने वाले फरियादियों को आवश्यक कार्यालयों के चक्कर कटवाने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी।जनता दरबार में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा 29 शिकायतें दर्ज की गईं। प्रमुख शिकायतों में सड़क, स्वास्थ्य सेवाएं, पेंशन भुगतान, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, पेयजल आपूर्ति, विद्युत बिल, बीएसएनएल सेवाएं तथा वृक्ष कटान जैसी जनसमस्याएं शामिल रहीं। जनता दरबार में मल्लीधार सड़क निर्माण, आमखेत निवासी चंचल सिंह ने तुन नामक वृक्ष की कटान, दफौट निवासी ममता देवी ने दफौट-बनकोट मार्ग, मदगोपेश्वर की बीना देवी ने बेनाप भूमि कब्जा व अवैध निर्माण, मंडलसेरा निवासी रमेश राम ने सेवानिवृत्ति उपरांत बकाया भुगतान, टकनार निवासी सकत सिंह ने अगस्त 2024 से बिजली बिल न मिलने, बिलोंनासेरा निवासी रमेश प्रकाश ने बीएसएनएल टावर की देखभाल, पुड़कुनी निवासी बिशन सिंह ने आवास उपलब्ध कराने, बसकुना निवासी रमेश सिंह ने गांव में पलायन रोकने हेतु फूलों की खेती के प्रस्ताव



संबंधी समस्याएं रखीं।अपर जिलाधिकारी ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मौके पर उपस्थित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाए और समाधान में कोई ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से विभागों के चक्कर न काटने पड़ें, इसके लिए अधिकारियों को सजग और उत्तरदायी रहना होगा। उन्होंने दो टूक कहा कि एक ही शिकायत बार-बार न आए, यह सुनिश्चित करें। कार्यों में पारदर्शिता और संवेदनशीलता जरूरी है। प्रत्येक अधिकारी शिकायतों का नियमित फॉलोअप करें और कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करें।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार शासन-प्रशासन और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है, जिससे अधिकारियों को सीधे जमीनी समस्याओं की जानकारी मिलती है और आमजन को भी समाधान की आशा और भरोसा मिलता है। हमारी पहली प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान है, और इसी सोच के साथ जनता दरबार का आयोजन किया गया है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे जनता के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण रखें और समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करें।जनता दरबार में जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, एसडीएम मोनिका, जितेंद्र वर्मा, अनिल सिंह रावत, ईई लोनिवि संजय पांडे, एके पटेल, जल संस्थान के सहायक अभियंता दीनदयाल टम्टा, जल निगम वीके रवि, सिंचाई केके जोशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजुलता यादव, समाज कल्याण अधिकारी जसमीत कौर, पर्यटन अधिकारी पीके गौतमउद्यान अधिकारी आरके सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अमेरिका के भरोसे को कमजोर करते राष्ट्रपति ट्रंप

अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप ने यह दावा किया था कि वे रूस-यूक्रेन तथा इजरायल एवं हमास के बीच चल रहे युद्धों को समाप्त कर शांति स्थापित कर देंगे। परंतु कोई परिणाम नहीं दे पाए। इसके उलट हाल ही में यूक्रेन ने बड़ा हमला करके रूस के साइबेरिया में स्थित परमाणु वमवर्षक विमानों को ध्वस्त करके बड़ी शिकस्त दे दी है। ड्रोन से बेलाया वायुसेना अड्डे पर हमला करके रूसी वायुसेना के 40 विमानों को अग्नि में होम कर दिया। यहीं नहीं इस हमले के बाद यूक्रेन ने रूस को फिर निशाना बनाया। यूक्रेनी खुफिया एजेंसी एसबीयू ने रूस को क्रीमीया से जोड़ने वाले क्रेच पुल को विस्फोटक से उड़ा दिया। इस पुल को पानी के भीतर 1100 किलो विस्फोटक लगाकर ध्वस्त किया गया। इन दो बड़े आक्रमणों से तय होता है कि यूक्रेन फिलहाल अमेरिका के दबाव में नहीं है। अमेरिका के पास ऐसा कोई कूटनीतिक इलाज भी नहीं दिखता है कि वह यूक्रेन और रूस को समझौते के लिए राजी कर पाए, क्योंकि रूस ने भी यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए हैं। आशंका तो अब यह बढ़ गई है कि परमाणु हथियार सक्षम रूस कहीं यूक्रेन पर परमाणु हमला न कर दे ? अमेरिका के भीतर भी ट्रंप ने एक के बाद एक गैर जरूरी ऐसे फैसले लिए जो अमेरिकी परंपरा व संवैधानिक व्यवस्था के विरुद्ध थे। अतएव अदालतों में ये फैसले टिक नहीं पाए। अमेरिकी प्रथम की रणनीति से जुड़े ऐसे अप्रासंगिक व विवादित निर्णय और कानूनी चुनौतियां अभी भी थम नहीं रही हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच चले ऑपरेशन सिंदूर और फिर युद्धविराम का श्रेय लेने की होड़ में ट्रंप के शरारती एक्स संदेश से भी उनकी छवि धूमिल हुई है। असमंजस और अमर्यादित आचरण के प्रदर्शनों से अमेरिका की कूटनीतिक स्थिरता को बड़ा झटका लगा है। ऐसे व्यवहार से जहां ट्रंप बौने लगने लगे हैं, वहीं लगता है, जल्दी ही दुनिया बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ती दिखाई देगी और अमेरिका अलग-अलग दिखाई दे सकता है। यह संभावना ट्रप के चुनावी अभियान में 2100 करोड़ रुपय का चंदा देने व ट्रंप का खुला समर्थन करने वाले कारोबारी एलन मस्क की ट्रंप की दोस्ती टूटने से भी बड़ी है। एक समय के जिगरी दोस्त जानी दुश्मन बनते दिखाई दे रहे हैं। एलन मस्क बार-बार ट्रंप द्वारा लागू कर विधेयक की आलोचना कर रहे थे। इस पर ट्रंप ने प्रतिक्रिया दी कि मस्क मुझे निराश कर रहे हैं। इसके बाद दोनों में जुबानी जंग छिड़ गई। ट्रंप ने कटाक्ष किया कि मस्क को ट्रंप डेरेंजमेंट सिंड्रोम यानी ट्रंप अवयव्स्था दोष हो गया है। मसलन ट्रंप जिस तरह से टैरिफ से लेकर नई-नई नीतियां बदल रहे हैं, उससे अव्यवस्था फैल रही है, जो मस्क को पसंद नहीं है। ट्रंप के इस कटाक्ष के बादद दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क भी कहां चूकने वाले थे, उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि यदि मैं न होता तो ट्रंप चुनाव हार जाते। गोया ट्रंप ने उनके साथ बेवफाई की है। ट्रंप की यह



बेवफाई केवल मस्क के साथ अब नहीं है, बल्कि अनेक उन यूरोपीय देषों के साथ भी दिखाई दे रही है, जो अमेरिका या ट्रंप की प्रत्येक कूटनीतिक रणनीति में भागीदार रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से भी ज्यादा समय से चल रहा युद्ध न केवल यूरोप में बल्कि दुनिया में परमाणु हथियारों की महत्ता से जुड़ा परिदृश्य बदल रहा है। इस परिदृश्य को भी ट्रंप द्वारा दिया यह बयान कि 'यूरोपीय देशों के नाटो सदस्य यूक्रेन के परिप्रेक्ष्य में अमेरिका के बराबर जिम्मेदारी नहीं झेल रहे हैं। इस कारण इस गठबंधन की प्रासंगिकता पर प्रश्नचिन्ह लगाए जाने लगे हैं।' नाटो गठबंधन के 12 संस्थापक सदस्य थे। 4 अप्रैल 1949 को गठित इस गठबंधन को 'उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन' कहा जाता है। दरअसल द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सोवियत रूस की सेनाएं मध्य और पूर्वी यूरोप में तैनात थीं। इसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत संघ के बीच वैचारिक और भू-राजनीतिक तनाव का दौर था। हालांकि दूसरे विश्वयुद्ध में ये दोनों देश प्रत्यक्ष रूप से युद्ध में शामिल नहीं थे, लेकिन एक-दूसरे के विरुद्ध अपनी शक्ति बढ़ाने में लगे थे। अमेरिकी पूंजीवादी विचारों का पोशक रहा, जबकि सोविसंध साम्यवादी विचारों का अनुयायी रहा। यही वैचारिक संघर्ष षीतयुद्ध कहलाता है। कालांतर में इन देशों की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत ने पूरी दुनिया को दो ध्रुवीय व्यवस्था में बदलने का काम किया। किंतु 26 दिसंबर 1991 को सोवियत संघ के विघटन के बाद 15 नए देश अस्तित्व में आए, इन्हीं में रूस और यूक्रेन शामिल हैं। ट्रंप द्वारा नाटो गठबंधन की प्रासंगिता पर सवाल उठाए जाने के बाद अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य सहाताएं भी स्थगित कर दी गईं। नतीजतन फ्रांस के राश्ट्रपति इमैनूएल मैक्रों को जबावी हमला करने का मौका मिल गया। मैक्रों ने यूरोपीय मित्र देशों के समक्ष फ्रांस के परमाणु भंडारों को सुरक्षा देने का प्रस्ताव रख दिया। मसलन एक समय परमाणु हथियार निरस्त्रीकरण की जो बात हो रही थी, वह सशस्त्रीकरण की सुरक्षा की ओर बढ़ गई। क्योंकि यूक्रेन पर रूस ने जो हमला बोला था, उसकी पृष्ठभूमि में एक बड़ा कारण यूक्रेन के पास परमाणु हथियार नहीं होने की लाचारी भी रहा है। फ्रांस का यह प्रस्ताव विश्व-व्यवस्था में परमाणु षसस्त्रीकरण की नई इबारत लिखना है। इसके बाद ब्रिटेन और इटली ने भी रूस और यूक्रेन के बीच षांति के न्यायोचित समाधान खोजने की मांग उठा दी। तत्पष्चात यूरोपीय यूनियन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेरलेयेन ने 800 बिलियन डॉलर से लेकर 1 ट्रिलियन डॉलर तक की रक्षा खर्च की योजना पेश कर दी। संघ के 26 सदस्य देशों ने इसे हाथों हाथ समर्थन भी दे दिया। इसका उद्देश्य यूरोप की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करना है, विशेश रूप से यूक्रेन युद्ध के बाद की स्थिति में, क्योंकि यूक्रेन रूस के बर खिलाफ जो दम तीन साल से भरे हुए है, उसके पीछे यूरोपीय संघ और नाटो देशों की ही आर्थिक और सामरिक शक्तियां काम कर रही हैं। अब यूरोपीय संघ के सदस्य देशों ने संयुक्त हथियार खरीद के लिए 150 अरब यूरो का कोश स्थापित करने की सहमति जता दी है। नाटो और यूरोपीय संघ का यह कूटनीतिक उत्तर अमेरिका की नाटो से संभावित निकासी या उसकी धनराशि कम करने के परिप्रेक्ष्य में है। दरअसल ये देश परमाणु शक्ति संपन्न देश होने के कारण रूस को एक बड़ा खतरा मानकर चल रहे हैं और यूक्रेन के पीछे खड़े होकर रूस की बर्बादी देखने के इच्छुक हैं। अतएव ट्रंप की समझौते से जुड़ी रणनीति के विरुद्ध अभी यह टकराव बना रहेगा। यह युद्ध इसलिए लंबा चलने वाला है, क्योंकि हाल ही में तुर्की में रूस और यूक्रेन के बीच हुई वार्ता में ब्लादिमीर पुतिन ने साफ कर दिया हैं कि उन्हें केवल एक ही बात मंजूर है और वह यूक्रेन का समर्पण! रूस यह मांग इसलिए कर रहा है, क्योंकि उसने यूक्रेन के 5 प्रांतों के 19 फीसदी भू-भाग पर कब्जा कर लिया है। इसलिए उसे उम्मीद है कि देर-सबेर वह यूक्रेन को पराजित कर देगा। अमेरिका के पास इस स्थिति में युद्ध खत्म करने की कोई नीति या कूटनीति नहीं है। ट्रंप जिस तरह की दादागिरी के आचरण और एकतरफा निर्णय लेने के मूड में हैं, उस स्थिति में युद्धविराम तब तक संभव नहीं है, जब तक नाटो और यूरोपीय संघ के देश ट्रंप की बात मानने को सहमत न हो जाएं ?

-प्रमोद भार्गव, वरिष्ठ पत्रकार

# आयुष मेले में जनमानस ने लिया स्वास्थ्य लाभ


बागेश्वर(उद संवाददाता)।11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2025) के पूर्व कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को ब्लॉक सभागार बागेश्वर में आयुर्वेद विभाग द्वारा एक वृहद आयुष मेले का भव्य आयोजन किया गया।आयुष मेले में विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा जनजागरूकता एवं उपचार संबंधी विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जिनमें आयुर्वेदिक औषधियों की जानकारी, होम्योपैथिक परामर्श, यूनानी चिकित्सा, पोषण परामर्श, जीवनशैली सुधार, योग आसनों का प्रदर्शन, औषधीय पौधों का वितरण, और जनस्वास्थ्य जागरूकता संबंधी सामग्री प्रदर्शित की गई। स्टॉलों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और उन्होंने विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष संवाद कर अपने स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए।मेले में पंचकर्म चिकित्सा, स्त्री रोग चिकित्सा, बाल रोग चिकित्सा, जलौका द्वारा रक्तमोक्षण, क्षार सूत्र चिकित्सा, मर्म चिकित्सा, रक्त परीक्षण, योग परामर्श, जड़ी-बूटी प्रदर्शनी, एवं जीवनशैली रोगों के नियंत्रण हेतु आयुर्वेदिक परामर्श



की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लोगों को व्यक्तिगत परामर्श एवं उपचार भी प्रदान किया गया।दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने अपने संबोधन में कहा कि योग और आयुर्वेद अब केवल पारंपरिक विधाएं नहीं रही, बल्कि इनके वैज्ञानिक प्रमाण सामने आने के बाद पूरी दुनिया एक बार फिर इन प्राचीन पद्धतियों की ओर लौट रही है। उन्होंने योग को अपनाकर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने का आह्वान किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में तनाव, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसी बीमारियाँ आम होती जा रही हैं, जिनसे बचाव एवं प्रबंधन के लिए योग और आयुर्वेद अत्यंत प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से नियमित योग अभ्यास करने तथा संतुलित जीवनशैली अपनाने की अपील की। साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ऐसे मेलों का आयोजन ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर भी नियमित रूप से किया जाए। उन्होंने कहा, आयुष मेलों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचेगा स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश।इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गाड़िया, विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास, खंड विकास अधिकारी आलोक भंडारी, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ निष्ठा कोहली, योगासन में नोडल अधिकारी डॉ.एजल पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# थेपड़ू बजवाड़ में ब्रांच पोस्ट आफिस का उद्घाटन किया

गरुड़(उद संवाददाता)।गरुड़ तहसील के गोमती घाटी के थेपड़ू बजवाड़ के ग्रामीणों को डाक सेवा गांव के ब्रांच पोस्ट आफिस में मिलेंगी गांव में डाकघर खुलने के बाद ग्रामीण में अति उत्साह है। थेपड़ू बजवाड़ में ब्रांच पोस्ट आफिस का उद्घाटन डाकघर के अवर अभियंता एनसी तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि गांव में डाकघर खुलने से थेपड़ू बजवाड़, किलापखेत लाहागढ़ी के ग्रामीणों को बचत सेवा अब गांव के डाकघर में मिलेगी। पोस्टमास्टर, पोस्टमेन का पद सृजित करने को विभाग के आला अधिकारियों को लिखा गया है। उन्होंने ग्रामीणों को भारतीय डाकसेवा की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समारोह में थेपड़ू बजवाड़ के



सामाजिक कार्यकर्ता रमेश सिंह भंडारी ने बताया कि गांव में ब्रांच पोस्ट आफिस खोलने की मांग बीस साल पुरानी थी। उन्होंने बताया कि गांव में डाकघर खोलने के संबंध में स्वयं कई बार सासंद , पूर्व सांसद, केंद्रीय संचार मंत्री ,प्रधान मंत्री को लिखा गया।गांव में पोस्ट आफिस खुुलने पर गोमती घाटी के ग्रामीणों ने भारत सरकार का आभार जताया है। उद्घाटन समारोह में डाक विभाग के प्रकाश आर्या आदि मौजूद थे।

# पत्रकार ने रक्तदान कर बचाई मासूम की जान

बागेश्वर(उदसंवाददाता)। वरिष्ठ पत्रकार और पत्रकार संगठन एन्युजे(आई)के वरिष्ठ सदस्य एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के जिले में संस्थापक



सदस्यों में रहे प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता अशोक लोहनी ने रक्तदान करके एक मासूम की जान बचाई। इससे पहले भी वे कई बार रक्तदान करके कइयों की जान बचा चुके हैं। अब तक वे 54 बार रक्तदान कर कई मरीजों को रक्तदान देकर जीवनदान दे चुके हैं।साथ ही प्रदेश भर में कई भी किसी जरूरतमंद मरीज को रक्त की आवश्यकता पड़ने पर स्वयं मरीज के तीमारदारों से सम्पर्क कर उन्हें उस जिले के स्वयंसेवियों की सहायता से रक्त दिला देते हैं।सोमवार की श्री लोहुमी को सूचना मिली कि एक मासूम को रक्त की आवश्यकता है जिस पर वे तुरंत ब्लड बैंक पहुंचे तथा रकतदान किया। उल्लेखनीय है कि श्री लोहुमी इससे पहले भी हल्द्वानी, एवं बागेश्वर मैं कई बार रक्तदान कर चुके हैं। श्री लोहुमी ने जनपद में ब्लड बैंक की स्थापना से पूर्व जनपद में अल्मोड़ा व रानीखेत के ब्लड बैंक प्रभारियों से संपर्क करके जनपद में कई रक्तदान शिविर आयोजित कर चुके हैं। तथा जनपद के पहला रक्तदान शिविर उनके नेतृत्व में उनके व्यक्तिगत प्रयास सै उस वक्त लगा जब लोग इसके प्रति जागरूक न थे । उनको इस कार्य के लिए कई संस्थाओं ने भी सम्मानित किया है।

# चरस के साथ युवक को किया गिरफ्तार

बागेश्वर(उद संवाददाता)।जिले में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे सघन चौकिंग अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को एक अभियुक्त को अवैध चरस के साथ पकड़ने में सफलता मिली है।कोतवाली पुलिस को चेकिंग के दौरान एक युवक संदिग्ध दिखा। कोतवाल कैलाश नेगी ने पुलिस कर्मियों को गहनता से जांच के



आदेश दिए।चेकिंग के दौरान जोध सिंह पाण्डा पुत्र पुष्कर सिंह निवासी ग्राम लाहुर थाना कपकोट उम्र 40 वर्ष के कब्जे से 258 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई।बताया जा रहा है कि युवक कई बाहर नौकरी करता था वह अपने घर से नौकरी के लिए वापस लौट रहा था। जहाँ पुलिस को जांच में युवक के पास से अवैध चरस मिली।जिसके बाद अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की 43/25 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। जहां मेडिकल परीक्षण के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने वालों में कोतवाल कैलाश नेगी,अपर उप निरीक्षक प्रदीप सिंह गर्ब्याल, हेड कांस्टेबल सुरेश चन्द्र,सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# उपचार के दौरान कार की टक्कर से घायल युवक की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामनगर में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होकर परिजनों के साथ वापस लौट रहे बनभूलपुरा निवासी युवक को कार ने उस समय रौंद दिया जब वह शौच करने सड़क किनारे जा रहा था। युवक को लहूलुहान हालत में हल्द्वानी के निजी अस्पताल ले जाया गया जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम हाउस भिजवाया। जानकारी के मुताबिक इंदिरानगर निवासी आरिश पुत्र मो. अंसार रविवार को रामनगर में अपने परिवार के साथ कार से शादी में शामिल होने गया था। देर रात वहां से सभी कार से हल्द्वानी के लिए लौट रहे थे। इसी दौरान रामनगर से कुछ दूरी पर आरिश शौच के लिए कार से उतरा और सड़क किनारे गया। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसको रौंद दिया। कार चालक वाहन सहित भाग गया। परिजन गंभीर रूप से घायल आरिश को उपचार के लिए एक निजी चिकित्सालय ले गए जहां आरिश की मौत हो गई।

# तमंचा कारतूस संग घूमता युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन के पास से एक युवक को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। जानकारी देते हुए एसओ नीरज भाकुनी ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता मुकेश वर्मा उर्फ चिकारा निवासी उत्तलखीमपुर खीरी बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध तमंचा और कारतूस मिले। पूछताछ में मुकेश ने खुलासा किया कि उसने तमंचा रामपुर से खरीदा था और इसका इस्तेमाल लोगों को डराने-धमकाने और पैसे वसूलने के लिए करने की योजना थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बरामद तमंचा और कारतूस को कब्जे में लेकर सील कर दिया।

# दुर्घटना में अर्दली की टांग फ्रैक्चर

काशीपुर। प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में मोटरसाइकिल से मोटरसाइकिल की हुई करारी भिड़ंत के फलस्वरूप जसपुर कोर्ट में कार्यरत एक अर्दली की दाईं टांग फ्रैक्चर हो गई। नाजुक हालत में उपचार के लिए उसे रामनगर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस को दी तहरीर में चांदपुर हेमपुर डिपो निवासी मीना बिष्ट पत्नी रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि उसका भाई जितेंद्र सिंह न्यायालय सिविल जज (जूनियर डिवीजन) जसपुर में अर्दली के पद पर कार्यरत है। रोजाना की भांति बीती 11 जून को वह अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूके 18 क्यू/8773 पर सवार होकर ड्यूटी से वापस घर लौट रहा था इसी दौरान घर के करीब शाम लगभग 6:15 बजे चांदपुर हेमपुर डिपो निवासी मोटरसाइकिल संख्या यूके18ई/6720 के चालक योगेश ने तेजी व लापरवाही से रॉन्ग साइड में जाकर उसके भाई को जबरदस्त टक्कर मारते हुए उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। एक्सीडेंट के इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पेज एक का शेष...

**रिलीव नहीं हुए सीएमएस...**गांठ कर ऑपरेशन के नाम पर डॉक्टर साहब पहले रोगियों के तिमारदारों से कीमती सर्जिकल आइटम खरीदने का आदेश देते हैं और बाद में इसी सर्जिकल आइटम को वापस दुकान पर बेच दिया जाता है। बाहर से महंगी दवाएं लगातार प्रिसक्राइब की जा रही हैं। गोरखधंधा कुछ समय से जारी है। ऑर्थोपेडिक सर्जन ने तो नियम कायदों की सारी हदें पार करते हुए बाजपुर रोड स्थित प्राइवेट डग्गामार अस्पताल में भी हड्डी रोग से रिलेटेड मरीजों को भी देखना और ऑपरेट करना शुरू कर दिया। इस डॉक्टर की यदि कॉल रिकॉर्डिंग और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच कराई जाए तो बड़ा घपला उजागर हो सकता है। इसी तरह ईएनटी के एक डॉक्टर भी इस समय अपनी क्रियाकलापों को लेकर सुर्खियों में है। एक दलाल को साथ लेकर कार्यवाही के नाम पर दुकान के शटर की चाबी ले ली जाती है और दूसरे दिन माफिक रकम लेकर चाभी अमुख व्यक्ति को लौटा दिया जाता है। सरकार के राजकाज पर काशीपुर का राजकीय चिकित्सालय किस कदर कालिख पोत रहा है इसकी जांच एजेंसियों से तफ्तीश कराने के बाद ही हकीकत प्रकाश में आ सकेगी।

**पत्नी की हत्या कर ...** के गहरे निशान थे। जांच में सामने आया कि, महिला का पति ई रिक्शा चलाता था। किसी बात लेकर दंपति में झगड़ा हुआ था जिसके बाद पति ने कमरे में पत्नी की हत्या कर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है. प्रथम दृष्टया में मामला गृह क्लेश का माना जा रहा है। सीओ सिटी ने बताया कि प्रारंभिक पड़ताल में सामने आया कि पत्नी ने अपनी परिचित एक महिला को सोमवार देर रात फोन कॉल कर उसके घर आने की बात कही थी, लेकिन फिर वह उसके घर नहीं पहुंची। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। जांच में यह बात भी सामने आयी है कि संतान को लेकर दंपति के बीच विवाद होता था।

**रन फार योगा में..** द्वितीय व दीपा रावत तृतीय स्थान पर रही। जिन्हे क्रमश: प्रथम को 1500, द्वितीय को 1250 व तृतीय को 1000 रूपये का चौक पुरस्कार स्वरूप दिये गये। कार्यक्रम में जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, डॉ. आलोक कुमार शुक्ला ने कहा कि योग एक जीवन पद्धति है, आयुष मंत्रालय इसे समाज में पुनर्स्थापित किये जाने के लिये प्रतिबद्ध है। डॉ. आलोक ने प्रतिदिन योग को जीवन में अपनाने की अपील जनमानस से की। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से कई गंभीर बीमारियों जैसे मधुमेह, हार्ट अटैक, ब्लड प्रेशर व फैटी लीवर आदि से पूर्णत: बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि योग से शारीरिक स्वस्थता के साथ ही मानसिक विकास भी होता है। उन्होने जनता से अपील की कि सभी योग के साथ जुड़े, करें योग-रहें निरोग। रन फॉर योगा कार्यक्रम में जनपद के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही 300 से अधिक एनसीसी व एनएसएस के बच्चों, खिलाड़ी व पीएसी, पुलिस, पीआरडी, होमगार्ड जवानों ने भी प्रतिभाग किया। सभी ने गांधी पार्क से कलेक्ट्रेट तक लगभग 3 किमी रनिंग की। कार्यक्रम में जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आलोक कुमार शुक्ला, जिला क्रीडा अधिकारी जनकी कार्की, डीओ पीआर डी भूपेंद्र सिंह रावत, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी, खिलाड़ी, विभिन्न विभागीय अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

**श्रद्धालुओं से भरा...**चीख पुकार मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने सभी घायलों को तुरंत उपचार के लिए रामनगर की सरकारी अस्पताल पहुंचाया । जहां पांच श्रद्धालुओं की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। बता दें कि लगातार इस क्षेत्र में घट रही दुर्घटनाओं के लिए कहीं ना कहीं प्रशासन भी जिम्मेदार है अधिकांश देखा गया है कि टेंपो एवं ई-रिक्शा वाहनों में क्षमता से अधिक यात्री सभी नियमों को ताक पर रखकर चालक ले जा रहे हैं लेकिन जिम्मेदार विभाग के अधिकारी ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं जिस कारण लगातार हादसो में वृद्धि हो रही है।

**लाईनमैन की मौत के ..**बताया कि एसएसओ और सुपरवाइजर द्वारा नियमों का पालन नहीं किया गया जिस वजह से लाइनमैन को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। उन्होंने बताया कि की विभाग की मृतक के प्रति एवं उसके परिवार के प्रति संवेदनशीलता बरकरार है जिसके लिए मृतक के परिजनों को हर संभव मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जितना भी संभव होगा मृतक के परिजनों को विभागीय मदद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी लाइन मैनों से निवेदन किया है कि सभी प्रकार के नियमों को अपनाते हुए कार्य करें उन्होंने आम जनता से भी आह्वान किया है कि जहां कहीं भी उन्हें विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा नियमों का पालन न करने की सूचना मिले इसकी सूचना सीधे हुए विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दे सकते हैं ताकि किसी भी अनहोनी से बचाया जा सके।

**शासनादेश का ..**लौटेंगे शासनादेश का सख्ती से पालन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल सीएमओ कार्यालय से काशीपुर उप जिला चिकित्सालय को इस आशय का पत्र जारी किया गया कि सीएमएस अब तक रिलीव नहीं हुए। डॉ सिंह ने अनुमान जताया कि 20 जून तक संभवत: मुख्य चिकित्सा अधिकारी की वापसी हो जाएगी।

**टेक्नीशियन के क्रियाकलापों ...**उन्होंने पूरी तरह गलत बताया। प्रभारी सीएमओ ने इस मामले की गहनता से जांच कराने की बात कही। टेक्नीशियन पर आरोप है कि वह रोगियों को बाहर की दवाएं ही नहीं प्रिसक्राइब कर रहा वरन एक चश्मा कारोबारी का विजिटिंग कार्ड भी रोगियों को पर्चे के साथ देने का काम कर रहा है ताकि कमीशन हजम किया जा सके।

# चोरों ने खेत में लगी पानी की कीमती मोटर उड़ाई

काशीपुर। कुंडेश्वरी पुलिस चौकी क्षेत्र में खेतों से पानी की मोटर चोरी किए जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी क्रम में जुड़का नंबर 1 से अज्ञात चोरों ने खेत में लगी पानी की कीमती मोटर उड़ा दी। पुलिस को दी तहरीर में जुड़का नंबर एक कुंडेश्वरी निवासी मलकीत सिंह पुत्र गुरुमेज सिंह ने बताया कि 12 जून की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा उसके खेत में लगी पानी की कीमती मोटर खोल ली गई। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पूर्व ब्रह्म नगर कुंडेश्वरी निवासी राजकुमार पुत्र करन सिंह के खेतों से भी इसी तरह की घटना को अंजाम देते हुए अज्ञात चोरों ने पानी की मोटर उड़ा दी। पुलिस ने चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# औचक निरीक्षण में पहाड़गंज में मिले दर्जनों अवैध निर्माण

## पहाड़गंज में नजूल भूमि पर बना अवैध मदरसा किया सील,मचा हड़कंप





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पहाड़गंज में नजूल भूमि पर अवैध कब्जे और निर्माण की शिकायत एक व्यक्ति द्वारा सीएम पोर्टल पर किये जाने के बाद प्रशासन की टीम ने गत दिवस पुलिस बल के साथ पहाड़गंज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जहां सरकारी भूमि पर दर्जनों अवैध निर्माण सामने आये तो वहीं एक मदरसा भी नजूल भूमि पर दिखाई दिया। जिसे टीम ने मौके पर ही सील कर दिया और सभी अवैध निर्माण कर्ताओं को नोटिस भेजे जाने की तैयारी की जा रही है। टीम ने कल्याणी नदी के किनारे हो रहे अवैध कब्जे का जायजा भी लिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र वासियों में खलबली मच गई। जानकारी के अनुसार गत दिवस जिला विकास प्राधिकरण सचिव व एडीएम पंकज उपाध्याय, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी व तहसीलदार दिनेश कुटौला संग ऊर्जा विभाग के अधिकारी पुलिस बल के साथ पहाड़गंज पहुंचे। जहां बिना नक्शा पास कराये निर्मित हो रहे दर्जनों भवनों को देखकर टीम आश्चर्यचकित रह गई। इस दौरान 50 से भी अधिक भवनों में निर्माण होते पाया गया। टीम ने कल्याणी नदी किनारे हों रहे अवैध निर्माण को भी देखा। एडीएम पंकज उपाध्याय ने बताया कि निरीक्षण के दौरान नजूल भूमि पर एक अवैध मदरसा भी पाया गया जिसे मौके पर ही सील कर दिया गया और कमेटी के लोगों को भू दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि जिन लोगों द्वारा अवैध निर्माण किया गया है उन्हें चालानी नोटिस देने की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि आगामी मानसून को देखते हुए कल्याणी नदी के किनारे बने अवैध भवनों को हटाने के लिए शीघ्र ही काम शुरू किया जायेगा। एडीएम ने बताया कि कल्याणी नदी के किनारे भूमि बेचने वाले भू माफियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ भी जांच करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि सभी अवैध निर्माणों को 20 जून तक ध्वस्त करने का निर्देश दे दिया गया है। जिसके बाद प्रशासन अपनी कार्रवाई शुरू कर देगा। उन्होंने विद्युत विभाग के जेई का निर्देशित किया कि बिना भू स्वामित्व और भवन मानचित्र पास कराये भवनों में विद्युत संयोजन न दिये जायें। अन्यथा कार्रवाई की जायेगी।

# फहीम खां का झगड़पुरी में किया स्वागत



गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य हज समिति के नवनियुक्त सदस्य बने फहीम खां का झगड़पुरी पहुंचने पर प्रधान प्रतिनिधि शराफत अली मंसूरी और उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत कर मिष्ठान वितरण किया। उनके साथ पहुंचे नगर पंचायत केलाखेड़ा के अध्यक्ष मोहम्मद सफी और सभासद गणों का भी शराफत अली मंसूरी के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। नवनियुक्त हज कमेटी के सदस्य फहीम खा ने बताया कि धामी सरकार ने उन्हें उत्तराखंड हज कमेटी का सदस्य नियुक्त किया है इस पर उन्होंने धामी सरकार का धन्यवाद देते हुए कहा कि मुस्लिम समाज में जो लोग हज को जाने वाले हैं और उन्हें किसी भी तरह की अड़चन आ रही है तो वह उनसे संपर्क करें। उसका निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने सर्व समाज के लोगों को नशे से दूर रहने की अपील की। इस दौरान केलाखेड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद शफी ने बताया कि फहीम खां पूर्व में ईओ के पद पर केलाखेड़ा में भी रह चुके हैं और इनका कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा है और फहीम खां नगर आयुक्त के पद से रिटायर हुए हैं। सरकार ने उनके कार्यकाल को संज्ञान में लेते हुए स्वत: ही इन्हें राज्य हज समिति का सदस्य मनोनीत कर दिया है। शराफत अली मंसूरी ने बताया कि अगर किसी भी व्यक्ति को हज जाने से संबंधित या वक्फ से संबंधित भी कोई जानकारी लेनी हो तो फहीम खां से संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान केलाखेड़ा वार्ड नंबर 9 शास्त्री नगर के सभासद इशरत अली, वार्ड नंबर 5 के सभासद प्रतिनिधि जुल्फिकार अली, वार्ड नंबर 7 के सभासद उस्मान, भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि प्रीत, शाहिद अली, अब्दुल रहमान, जाकिर हुसैन, नवाब अली, मोहम्मद हनीफ, सलामत अली, अब्दुल खालिक, मोहम्मद इलियास कुरैशी, सत्तार हुसैन सैफी, डॉक्टर शकील आदि लोग मौजूद रहे।





